दिल्ली पब्लिक स्कूल, जम्मू

सत्र (2024- 2025)

महीना: जुलाई

कक्षा : दूसरी

विषय : भाषा संचार और साक्षरता कौशल

अपठित गद्यांश

एक कौआ मोर बनना चाहता था। उसने मोर के पंख लगा लिये और खुद को मोर समझकर मोरों की एक टोली में जा घुसा। उसे देखकर मोरों की टोली ने उसे फौरन पहचान लिया। फिर क्या । दूसरे ही पल सारे मोर उस पर झपट पड़े। | चोंच मारकर उसे अपनी टोली से दूर भगा दिया। रोता हुआ कौआ अपने घर में वापिस लौट आया। उसके अपने दोस्त भी उसकी इस हरकत से नाराज हो गए थे। सारे कौओं ने मिलकर उसके पंख नोच डाले। नकल को अकल कहाँ।

क) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए:

प्रश्न १. कौआ किसकी टोली में जा घुसा?

उत्तर____

प्रश्न २. मोरों ने कौए को अपनी टोली से कैसे भगा दिया?

उत्तर ____

प्रश्न ३. रोता हुआ कौआ कहाँ लौट कर आया?

उत्तर ____

ख) रिक्त स्थान भरिए:

१. एक कौआ ______ बनना चाहता था।

२. सारे दोस्त कौए की हरकत से _____ थे।

ग) सही या गलत लिखिए:

१. मोरों ने कौए को नहीं पहचाना। (   )

२. सारे कौओं ने मिलकर उसके पंख नोच डाले। (   )